उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या :: 116/23/E-01/DR/PCS/2023-24 दिनाँक :: 01 जुलाई, 2024

शुद्धि–पत्र / विज्ञप्ति
उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य (सिविल) प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2024

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य (सिविल) प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2024 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में रिक्त 189 पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु विज्ञापन संख्या- A-2/E-1/PCS/2023-24, दिनांक 14 मार्च 2024 प्रकाशित किया गया था, जिसमें विद्यालयी शिक्षा विभाग में उप शिक्षा अधिकारी / स्टाफ ऑफिसर / विधि अधिकारी के 58 पद एवं वित्त विभाग के अन्तर्गत राज्य कर अधिकारी के 53 पद विज्ञापित किये गये थे।

02. शासन के पत्र संख्या–220972/XXX(2)/2024-E68175, दिनांक 27 जून, 2024 द्वारा प्रेषित उत्तराखण्ड लोक सेवा (कुशल खिलाड़ियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) अधिनियम, 2024 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 09, वर्ष 2024) के आलोक में उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता / प्रतिभाग करने वाले कुशल खिलाड़ियों के पक्ष में 04 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य होने के आधार पर संशोधित अधियाचन के क्रम में विद्यालयी शिक्षा विभाग में उप शिक्षा अधिकारी / स्टाफ ऑफिसर / विधि अधिकारी एवं वित्त विभाग के अन्तर्गत राज्य कर अधिकारी के पदों का श्रेणीवार / उपश्रेणीवार संशोधित विवरण निम्नवत् है :–

क्र. सं.	पदनाम / विभाग	वेतनमान	रिक्तियां	ऊर्ध्व श्रेणीवार पदों का विवरण					क्षैतिज श्रेणीवार पदों का विवरण
				GEN	SC	ST	OBC	EWS	
1	उप शिक्षा अधिकारी / स्टाफ ऑफिसर / विधि अधिकारी (विद्यालयी शिक्षा विभाग)	56,100-1,77,500 Level-10	58	26	13	03	11	05	1. उत्तराखण्ड महिला–17 (अनारक्षित–08, अनु0जा0–04, अनु0ज0–01, अ0पि0व0–03, आ0क0व0–01) 2. उत्तराखण्ड अनाथ–02 (अनारक्षित–01, अनु0जा0–01) 3. दिव्यांगजन– 02 (श्रवणह्रास–01, चलनक्रिया या प्रमस्तकीय अपंगता–01) 4. पूर्व सैनिक–02 5. स्व0सं0सेनानी आश्रित–01 6. कुशल खिलाड़ी–02 (अनारक्षित–01, अनु0जा0–01
2	राज्य कर अधिकारी (वित्त विभाग)	44,900-1,42,400 Level-07	53	29	10	02	07	05	1. उत्तराखण्ड महिला–15 (अनारक्षित–08, अनु0जा0–03, अनु0ज0जा0–01, अ0पि0व0–02, आ0क0व0–01) 2. उत्तराखण्ड अनाथ– 02 (अनारक्षित–01, अनु0जा0–01) 3. दिव्यांगजन– 02 (OL-01, CP-01) 4. पूर्व सैनिक–02 5. स्व0सं0 सेनानी आश्रित–01 6. कुशल खिलाड़ी–02 (अनारक्षित–01, अनु0जा0–01)

03. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष **उप शिक्षा अधिकारी/स्टाफ ऑफिसर/विधि अधिकारी (विद्यालयी शिक्षा विभाग), लेवल–10 पद के सापेक्ष ऐसे कुशल खिलाड़ी आवेदन करने के पात्र होंगे जो ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता हों/प्रतिभाग किया हो तथा राज्य कर अधिकारी (वित्त विभाग) लेवल–07 पद के सापेक्ष ऐसे कुशल खिलाड़ी आवेदन करने के पात्र होंगे जो ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता हों/प्रतिभाग किया हो अथवा जिनके द्वारा विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप/एशियन खेलों में पदक विजेता हों/प्रतिभाग किया हो अथवा कॉमनवेल्थ खेल/एशियन चैम्पियनशिप में पदक विजेता हों/प्रतिभाग किया हो**, उक्त श्रेणियों के अतिरिक्त अन्य अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

04. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता/प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी, विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप/एशियन खेलों में पदक विजेता हों/प्रतिभाग किया करने वाले खिलाड़ी एवं कॉमनवेल्थ खेल/एशियन चैम्पियनशिप में पदक विजेता/प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी के अलावा यदि किसी अन्य श्रेणी के योग्यता धारक अभ्यर्थी द्वारा त्रुटिपूर्ण दावा करते हुये आवेदन किया जाता है तो **उक्त परीक्षा के किसी भी स्तर पर त्रुटिपूर्ण दावा पाये जाने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।**

05. उक्त के क्रम में उत्तराखण्ड लोक सेवा (कुशल खिलाड़ियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) अधिनियम, 2024 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 09, वर्ष 2024) के आलोक में उत्तराखण्ड राज्य के ऐसे ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता/प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी, विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप/एशियन खेलों में पदक विजेता हों/प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी एवं कॉमनवेल्थ खेल/एशियन चैम्पियनशिप में पदक विजेता/प्रतिभाग करने वाले कुशल खिलाड़ियों हेतु सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 के सापेक्ष अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** अथवा **ukpsc.net.in** पर लिंक खोले गये हैं, जिसकी महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् है–

ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारम्भ तिथि	::	01 जुलाई, 2024
ऑनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि	::	07 जुलाई, 2024 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)

06. उक्तानुसार ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 07 जुलाई, 2024 तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को दिनांक 14 जुलाई, 2024 को आयोजित होने वाली प्रारम्भिक परीक्षा में सम्मिलित कर लिया जाएगा, तथा उक्त अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र के संबंध में सूचना पृथक से आयोग की वेबसाइट के माध्यम से प्रेषित कर दी जाएगी।

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या- A-2/E-1/PCS/2023-24, दिनांक 14 मार्च 2024 की शेष समस्त शर्तें यथावत् रहेंगी।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।